This question paper contains 8 printed pages.

B.A. B.Ed. / B.Sc. B.Ed. - II Year Examination - 2022

GENERAL HINDI

(सामान्य हिन्दी)

6121

(Compulsory Paper)

Max. Marks :100

सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़ कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल / बॉल पेन से काला कीजिये। सामान्य हिन्दी अनिवार्य प्रश्न–पत्र में कुल 50 प्रश्न है, प्रश्नों की क्रम संख्या 01 से 50 तक निर्धारित है।

https://pyallelo.com

1. 'नर हो न निराश करो मन को' कविता का मूल भाव क्या है?

(A) प्रकृति – चित्रण (B) आशावाद

(C) चरित्र – चित्रण (D) देश – प्रेम

2. 'हिमालय के आँगन में' किस कवि की रचना है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) जयशंकर प्रसाद

3. 'अरुण – पंख तरुण – किरण खड़ी खोल रही द्वार' पंक्ति निराला की किस कविता से है?

(A) जागो फिर एक बार (B) सन्ध्या सुंदरी

(C) विधवा (D) बादल राग

4. कवि नागार्जुन मूल रूप से किस मातृभाषा के कवि हैं?

(A) मालवी (B) भोजपुरी

(C) मैथिली (D) बुन्देली

5. 'दिल्ली' किस कवि की रचना है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) सोहन लाल द्विवेदी (D) भवानी प्रसाद मिश्र

6. निम्नलिखित में से कौनसी कविता गिरिजा कुमार माथुर की है?

(A) सन्ध्या सुंदरी (B) प्रतिशोध

(C) पन्द्रह अगस्त (D) ताज

7. 'हम अनिकेतन' कविता किसके संदर्भ में लिखी गई है?

(A) स्वतंत्रता सेनानियों के समर्पण एवं त्याग के संदर्भ में

(B) प्रतिशोध के महत्त्व के संदर्भ में

(C) देशवासियों के शोषण के संदर्भ में

(D) स्त्री–स्वतंत्रता के संदर्भ में

8. 'अनिकेतन' का अर्थ क्या है?

(A) गृहहीन (B) गरीब

(C) धार्मिक (D) सामाजिक

9. 'बादल को घिरते देखा' किस कवि की रचना है?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (B) बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) स0 ही0 वा0 अज्ञेय (D) नागार्जुन

10. 'बुन्देले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी' किस कविता की पंक्ति है?

(A) झाँसी की रानी (B) कलगी बाजरे की

(C) विधवा (D) मैं नीर भरी दुःख की बदली

11. निम्न में से कौनसी रचना भवानी प्रसाद मिश्र की है?

(A) रश्मि रथी (B) गीत फरोश

(C) दूत झरो (D) बादल राग

12. 'जन गंगा में ज्वार / लहर तुम प्रवहमान रहना। पहरुए, सावधान रहना।' पंक्तियाँ किस कविता की है?

(A) धूप के धान (B) नाश और निर्माण

(C) पन्द्रह अगस्त (D) मंजीर

13. आपके पाठ्यक्रम में संकलित 'शहीद की माँ' कविता किस कवि की है?

(A) हरिवंश राय बच्चन (B) पं0 नरेन्द्र मिश्र

(C) डॉ0 धर्मवीर भारती (D) रघुराज सिंह हाड़ा

14. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध के लेखक कौन हैं?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

15. पृथिवी, जन और संस्कृति तत्त्वों से किसका स्वरूप विकसित हुआ माना गया है?

(A) राष्ट्र का स्वरूप (B) भाषा का स्वरूप

(C) व्यक्ति का स्वरूप (D) मनुष्यता का स्वरूप

16. 'गेहूँ बनाम गुलाब' निबंध में लेखक ने गुलाब को किसका प्रतीक माना है?

(A) आर्थिक प्रगति का (B) सांस्कृतिक प्रगति का

(C) धार्मिक प्रगति का (D) पारिवारिक प्रगति का

https://www.uokonline.com

17. 'भवानी शंकरौ वंदे' किस श्रेणी का निबंध है?

(A) ललित (B) विषय प्रधान

(C) हास्य (D) गंभीर

18. 'अदम्य जीवन' रिपोर्ताज के रचनाकार कौन हैं?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) मैथिली शरण गुप्त

(C) रांगेय राघव (D) रामकुमार वर्मा

19. 'महाराजपुर से ग्वारी घाट' निबंध अमृतलाल वेगड़ के किस संग्रह से लिया गया है?

(A) अमृतस्य नर्मदा (B) तीरे–तीरे नर्मदा

(C) नर्मदा की परिक्रमा (D) सौंदर्य की नदी नर्मदा

20. महादेवी वर्मा की 'भक्तिन' रचना किस श्रेणी में आती है?

(A) रेखाचित्र (B) संस्मरणात्मक रेखाचित्र

(C) संस्मरण (D) रेखाचित्रात्मक संस्मरण

21. 'बड़े घर की बेटी' कहानी में ठाकुर साहब के कितने बेटे थे?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

22. रामकुमार वर्मा का कौनसा एकांकी आपके पाठ्यक्रम में है?

(A) दीपदान (B) रेशमी टाई

(C) चारुमित्रा (D) उत्सर्ग

23. 'गाँधी जी से भेंट' किसकी आत्मकथा का एक अंश है?

(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) सुभाषचंद्र बोस

(C) जवाहर लाल नेहरू (D) सरदार पटेल

24. 'हिंदी हमारी मातृभाषा' के रचनाकार का नाम क्या है?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र (B) मनहर चौहान

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

25. 'नाखून का बढ़ना' मनुष्य की किस प्रवृत्ति का संकेत है?

(A) पाशवी प्रवृत्ति (B) धार्मिक प्रवृत्ति

(C) संचय प्रवृत्ति (D) सहचर प्रवृत्ति

26. दो वर्णों के मेल से उत्पन्न विकार को क्या कहते हैं?

(A) समास (B) कारक

(C) संधि (D) विशेषण

27. एक + एक की संधि क्या होगी

(A) एकाएक (B) एकैक

(C) इकेक (D) ऐकक

28. जब समस्त पद के खंड करके फिर उनको अलग–अलग दिखाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(A) सामासिक शब्द (B) समास

(C) विश्लेषण (D) समास–विग्रह

29. 'आजन्म' में कौनसा समास है?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

30. किसी शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश को कहते हैं–

(A) विलोम (B) उपसर्ग

(C) प्रत्यय (D) विशेषण

31. निम्न में किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(A) अधर्म (B) सुअवसर

(C) सुंदर (D) विदेश

32. 'लोभी' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?

(A) भी (B) इ

(C) ई (D) भ

33. प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

34. परोक्ष किसका विलोम है?

(A) प्रत्यक्ष (B) अक्ष

(C) दक्ष (D) कक्ष

35. 'यश' का विलोम क्या होगा?

(A) सुयश (B) प्रसिद्ध

(C) अपयश (D) खुश

36. कौनसा शब्द 'पहाड़' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) गिरि (B) अंचल

(C) पर्वत (D) अचल

37. 'पक्षी' किसका पर्यायवाची है?

(A) उपवन (B) पुष्प

(C) विहग (D) बाग

38. शुद्ध शब्द कौनसा है?

(A) दधीचि (B) दधिची

(C) दधीची (D) दधिचि

39. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(A) केन्द्रीत (B) केन्द्रित

(C) केन्दृत (D) केन्द्रत

40. 'जो व्यक्ति अच्छा आचरण करे' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –

(A) दयालु (B) परोपकारी

(C) विवेकी (D) सदाचारी

41. विशेष जानकारी रखने वाला कौन होता है?

(A) विद्वान (B) निष्णात

(C) विशेषज्ञ (D) जानकार

42. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद माने गए हैं?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

43. शुद्ध वाक्य बताइये –

(A) मुझे एक पेन चाहिए (B) मेरे को एक पेन चाहिए

(C) एक पेन मेरे को चाहिए (D) मुझे एक पेन चाहना है

44. 'अनल–अनिल' शब्द–युग्म का अर्थ है–

(A) पानी–हवा

(B) आग–हवा

(C) हवा–पानी

(D) हवा–आग

45. कौनसा वाक्य सही है?

(A) मुझे जूते तो निकाल देने दो।

(B) मेरे घर के सामने अस्पताल है।

(C) माया लौटकर वापस चली गई।

(D) मेरे पड़ोसी बड़े अच्छे लोग हैं।

46. 'अंगूठा दिखाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(A) उत्साह बढ़ाना

(B) शिकायत करना

(C) इंकार कर देना

(D) स्वागत करना

47. 'एक थैली के चट्टे–बट्टे' लोकोक्ति का अर्थ है–

(A) अच्छी दोस्ती होना

(B) समझदार होना

(C) अलग होना

(D) एक जैसा होना

48. Examinar का पारिभाषिक शब्द है –

(A) परीक्षार्थी

(B) परीक्षक

(C) परीक्षण

(D) पर्यवेक्षक

49. 'जिसका वर्णन न किया जा सके' के लिए सार्थक शब्द है –

(A) अवर्णनीय

(B) अनिर्वचनीय

(C) वर्णित

(D) अवर्णित

50. 'बरस' किसका तद्भव शब्द है?

(A) हर्फ

(B) हर्ष

(C) वर्ष

(D) वर्श

https://pyqhelp.com